राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या–104/2024

<u>राज्यपाल ने गोवा में बिहार के 04 श्रमिकों की सड़क हादसे में मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की</u>

पटना, 27 मई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गोवा में एक सड़क हादसे में बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के चार श्रमिकों की हुई मौत पर दुःख व्यक्त किया है तथा मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

राज्यपाल ने इस दुखद घटना के संबंध में गोवा के माननीय मुख्यमंत्री से दूरभाष पर बातचीत की है। वार्ता के दौरान वहाँ के मुख्यमंत्री ने घटना की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने, मृत श्रमिकों के परिवारों को दो–दो लाख रुपए का मुआवजा देने, घायलों के बेहतर इलाज एवं श्रमिकों के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाली कंपनी को काली सूचीबद्ध करने का आश्वासन दिया है।

....